भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 32

दिनांक 17.07.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में पाइप द्वारा जलापूर्ति हेतु विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषण

32. श्री नरेन्द्र कुमार स्वैनः

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय को ओडिशा के नौपाड़ा जिले के फ्लोराइड प्रभावित निवास स्थानों की जानकारी है;
(ख) क्या इस स्थिति से निपटने के लिए कोई विशेष कार्यक्रम/योजना है;
(ग) क्या मंत्रालय ओडिशा में पाइप द्वारा जलापूर्ति संबंधी क्षेत्रीय योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए विश्व बैंक के तहत वित्तपोषण पर विचार कर रहा है; और
(घ) क्या मंत्रालय ओडिशा में पाइप द्वारा जलापूर्ति पर अधिक बल देने के लिए हैंड पम्प, ट्यूब वैल की संस्थापना को रोकने की योजना बना रहा है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) जी हां।

(ख) जी हां। मंत्रालय ने आर्सेनिक तथा फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 22 मार्च 2017 को एक राष्ट्रीय जल गुणवत्ता उप-मिशन की शुरुआत की है।

(ग) मंत्रालय, ओड़िशा में क्षेत्रीय नल जलापूर्ति स्कीम के कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक से वित्तपोषण पर विचार नहीं कर रहा है।

(घ) यह मंत्रालय ओड़िशा सहित सभी राज्यों में हैंडपंप की स्थापना के स्थान पर ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल आपूर्ति पर प्राथमिकता देने के साथ-साथ और अधिक बल दे रहा है।